प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. महाकुंभ में श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान का सिलसिला जारी : केन्द्रीय राज्यमंत्री रामदास अठावले, श्रीपद नाइक समेत हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने आज संगम में लगाई डुबकी।
2. केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने महाकुंभ में आज जनजातीय सांस्कृतिक समागम को किया संबोधित : कहा– युवा समाज में ला रहे क्रांतिकारी बदलाव।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में 11 प्रस्तावों को मिली मंजूरी : 18 फरवरी से शुरू होगा विधान सभा का बजट सत्र।

और

4. 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी : विभिन्न स्पर्धाओं में अब तक 5 स्वर्ण समेत 19 पदक जीते।

---

महाकुंभ में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में आज कई केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री भी पवित्र संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज पहुंचे। केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास

अठावले, श्री दुर्गादास उइके और श्री श्रीपद नाइक ने आज प्रयागराज पहुंच कर संगम में स्नान किया। त्रिवेणी में डुबकी लगाने के बाद श्री अठावले ने महाकुंभ क्षेत्र में आयोजित श्रवणकुंभ में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण बांटे। केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीपद नाइक ने महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक आयोजन बताया। श्री नाइक ने संगम स्नान के बाद महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिये की गई व्यवस्था की सराहना की।

बाइट.....

*जिस तरह से व्यवस्था यहाँ बनाई है वो कहने के लिए कोई हमारे पास शब्द नहीं है। आज कम से कम चौंतीस करोड़ लोग यहाँ के गए है उन्होंने आस्था की  डुबकी जैसा आपने कहा वह लगाई है एकदम हो के सबको धन्यवाद देखि। चले इसलिए देश भर के सभी लोगों के उनके सभी लोगों की तरफ से मैं फिर एक बार योगी जी का और मोदी जी का तय दिल से धन्यवाद करता हूँ की इतना बड़ा मेला  उन्होंने यथास्थिति में सभी सुविधा सभी को देके आज पूरा हो रहा है।*

वहीं बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी दो दिवसीय दौरे पर आज प्रयागराज पहुंचे हैं। उन्होंने विभिन्न अखाड़ों में साधु–संतों से मुलाकात की।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और अरुणाचल प्रदेश के परिवहन और सहकारिता मंत्री ओजिंग तासे भी आज संगम स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे।

———————

**बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया गया है। इसी क्रम में प्रयागराज महाकुंभ में जनजातीय सांस्कृतिक समागम 2025 के तहत युवा कुंभ का आयोजन किया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*युवा कुंभ देश भर से आठ हजार से अधिक आदिवासी युवा भाग ले रहे हैं। युवा कुंभ के तहत महाकुंभ में पांच दिवसीय जनजातीय सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव में शिरकत करने पहुंचे जनजातीय मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि देश के युवा समाज में क्रांतिकारी बदलाव लाते हैं। उन्होंने युवाओं से सामाजिक समरसता की दिशा में काम करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

————————

**गोवा सरकार ने राज्य के श्रद्धालुओं को महाकुंभ मेले में शामिल होने के लिए प्रयागराज की मुफ्त यात्रा की सुविधा देने के लिए तीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। इसी क्रम में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने आज पणजी के कर्माली रेलवे स्टेशन से करीब एक हजार श्रद्धालुओं को प्रयागराज ले जाने वाली पहली विशेष ट्रेन को रवाना किया। श्री सावंत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महाकुंभ जैसे ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी के लिए बधाई दी। बाइट.......**

*उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जितना बड़ा महाकुंभ आयोजन किया है उनके लिए मैं वहां के मुख्यमंत्री योगी जी को बहुत–बहुत अभिनंदन देता हूं*

*बहुत बड़ा आयोजन की इतने सारे लोग वहां पर जा रहे हैं इतना लोगों का आयोजन करना कुछ काम बात नहीं थी लेकिन बहुत ही अच्छी तरह से उन्होंने आयोजन किया इसलिए मैं यूपी के चीफ मिनिस्टर श्री योगी जी का बहुत–बहुत अभिनंदन गोवा के लोगों की तरफ से गोवा की सरकार की तरफ से उनको बहुत–बहुत शुभकामनाएं।*

————————

महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुए हादसे की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने घटना के संबंध में आम लोगों से जानकारी मांगी है। घटना के संबंध में शपथ पत्र के साथ काई भी व्यक्ति लखनऊ के हज़रत गंज स्थित न्यायिक आयोग कार्यालय में अपना बयान दर्ज करा सकता है।

————————

संगम में तीन अमृत स्नान पूरे करने के बाद प्रमुख अखाड़ों के सन्यासियों का महादेव की नगरी वाराणसी पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। महाशिवरात्रि के दिन ये अखाड़े काशी में गंगा स्नान करेंगे। परम्परा के अनुसार कई अखाड़े कुम्भ का समापन काशी में करते हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*शिव के गण कहे जाने वाले नागा संन्यासियों का दल काशी आने लगा है। काशी में विभिन्न स्थानों पर यह नागा सन्यासी रुक रहे है। त्रिवेणी संगम तट पर महाकुंभ में अखाड़ों के नागा साधुओं का वसंत पंचमी के अमृत स्नान के बाद शिव की नगरी काशी अगला पड़ाव बनती है। काशी में होने वाले इस मिनी कुंभ की तैयारियों में प्रशासन व मठ–मंदिर जुट गए हैं।*

*काशी में सभी अखाड़ों की शाखाएं हैं, उनके साथ अग्नि और आवाहन अखाड़ों के नागा संन्यासियों का आठ फरवरी को रमता पंच के नेतृत्व में नगर प्रवेश होगा। बाजे–गाजे व हाथी–घोडों, रथ के साथ पैदल सन्यासियों की भव्य शोभायात्रा में लाव–लश्कर व अस्त्र–शस्त्र भी होंगे। साधु–संत व अखाड़े के अधिकारी, प्रशासन के लोग तथा काशीवासी मोहनसराय के पास उनकी अगवानी करेंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को परीक्षा पे चर्चा की पहली कड़ी में विद्यार्थिया के साथ बातचीत करेंगे। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित किया जायेगा। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम के नए प्रारूप में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे और अपने अनुभव तथा ज्ञान साझा करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 36 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल देर शाम हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 11 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। बैठक में विधान सभा का बजट सत्र 18 फरवरी से शुरू होने को मंजूरी दी गई है। इसके तहत प्रदेश सरकार विधान सभा में 20 फरवरी को बजट प्रस्तुत करेगी। इसके साथ ही मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025–26 की आबकारी नीति को भी मंजूरी दी है। वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने आज एक पत्रकार वार्ता में बताया कि बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बस अड्डों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पद्धति के तहत विकसित कराने के लिए अन्य विभागों से प्राप्त लीज की अवधि के विस्तार के प्रस्ताव को सहमति दी गयी। डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को हाई स्पेसिफिकेशन वाले टैबलेट उपलब्ध कराने पर भी मंत्रिमंडल ने सहमति जताई है। बाइट......

*बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में टैबलेट प्रोक्योरमेंट हेतु अतिरिक्त दरोंका वित्त पोषण राज्य सरकार बेसिक शिक्षा विभाग के बजट से बैंड किये जाने के संबंध में हमारी जो टेक्नोलॉजी है उसका प्रयोग हमारे शिक्षक लोग भी करें। जो परिषदीय विद्यालय के उसके लिए उत्तर प्रदेश की सरकार ने सहमति दी है। यद्यपि इसमें केन्द्र का भी बड़ा रोल है और केन्द्र ने दस हजार पर टैबलेट हमको सहयोग किया है। चौदह सौ अड़सठ पॉइंट अस्सी करोड़ रूपया उत्तर प्रदेश सरकार को वहन करना है। ये कुल मिलाकर एक बहुत अच्छा प्रयास है जो काफी सफल है। लोग जो हैं टैबलेट के माध्यम से हमारी टेक्नोलॉजी और जो इंटरनेट से कनेक्टिविटी उसके माध्यम से विभिन्न प्रकार की जानकारी से बच्चों को लाभान्वित किया जा सकता है।*

इसके अलावा उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण नियमावली–2025 के प्रस्ताव पर भी मंत्रिपरिषद में मुहर लगा दी है। इस प्राधिकरण के माध्यम से विभिन्न पर्यटन स्थलों को जलमार्ग से जोड़ने और उन्हें आकर्षक बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। बैठक में केजीएमयू में 500 बेड के ट्रामासेंटर के विस्तार और यूटीलिटी कॉम्पलेक्स के निर्माण की योजना को भी सहमति दी गई है। बाइट......

*केजीएमयू में पाँच सौ बेड ट्रॉमा सेंटर के विस्तार एवं पेशेंट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स के निर्माण की योजना को कल मंत्रिपरिषद की सहमति मिल गई है। इसमें दो अरब बहत्तर करोड़ सत्तानवे लाख सत्रह हजार रूपये का खर्चा आएगा। ये इसकी बहुत बड़ी आवश्यकता थी।*

——————————

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने अब तक 19 पदक हासिल कर लिए हैं। इनमें 5 स्वर्ण, 7 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं। कबड्डी, वूशू और योगासन में प्रदेश ने स्वर्ण पदक जीते हैं, जबकि वेट लिफ्टिंग, वूशू, रोविंग, योगासन और आर्चरी में रजत पदक हासिल हुए हैं। हैंडबॉल, वूशू, स्क्वाश योगासन में राज्य के खाते में ब्रॉंज़ मेडल आए हैं।

(समाप्त)